आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 15.12.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार स्थित दक्षेश्वर महादेव मंदिर में पूजा–अर्चना की। कहा– सरकार कुंभ मेले के दिव्य और भव्य आयोजन के लिए ठोस कार्य कर रही है।
- भारतीय सेना ने गढ़वाल मंडल के सात जिलों के लिए 15 से 30 जनवरी 2026 तक अग्निवीर भर्ती रैली का कार्यक्रम घोषित किया।
- नए वित्तीय वर्ष से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सेवानिवृत्ति पर एक लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।
- और... कुमाऊं एसटीएफ ने चंपावत के बनबसा क्षेत्र से तीन नशा तस्करों से 2 करोड 40 लाख रुपये की करीब 800 ग्राम हेरोइन बरामद की।

सीएम हरिद्वार

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज हरिद्वार के कनखल स्थित दक्षेश्वर महादेव मंदिर में पूजा–अर्चना की। इसके साथ ही उन्होंने सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी मंदिर के भी दर्शन किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की प्रगति और खुशहाली के साथ ही आगामी कुंभ मेले को दिव्य, भव्य ढंग से आयोजित करने की कामना की।

श्री धामी ने कहा कि वर्ष 2027 में हरिद्वार में कुंभ मेला का आयोजन प्रदेश के लिए बहुत बड़ा सुअवसर है। राज्य सरकार कुंभ मेला के दिव्य एवं भव्य आयोजन के लिए ठोस कार्य कर रही है। कुंभ मेला क्षेत्र को विस्तार देने तथा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुगमता और सुरक्षा को लेकर प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। ताकि देश–दुनिया से आने वाले श्रद्धालु बेहतर अनुभव लेकर लौट सकें।

सेना भर्ती

भारतीय सेना में सेवा की चाह रखने वाले और कॉमन एंट्रेंस एग्जाम–2025 उत्तीर्ण युवाओं के लिए सेना भर्ती कार्यालय लैंसडाउन ने अग्निवीर भर्ती रैली की तिथियां घोषित कर दी हैं। यह भर्ती रैली 15 जनवरी 2026 से 30 जनवरी 2026 तक कोटद्वार स्थित गब्बर सिंह कैंप में आयोजित की जाएगी।

यह रैली गढ़वाल मंडल के चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, देहरादून और हरिद्वार जिलों के उम्मीदवारों के लिए आयोजित की जा रही है। केवल वही अभ्यर्थी रैली में शामिल हो सकेंगे, जिन्होंने 30 जून से 10 जुलाई 2025 के बीच आयोजित ऑनलाइन परीक्षा उत्तीर्ण की है।

भर्ती अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क/एसकेटी, अग्निवीर टेक्निकल तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन पदों के लिए की जाएगी। उम्मीदवार अपने प्रवेश पत्र भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट joinindianarmy.com से डाउनलोड कर सकते हैं।

अभ्यर्थियों को रैली में सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ उनकी तीन–तीन फोटो प्रतियां लाना अनिवार्य होगा। सेना भर्ती कार्यालय लैंसडाउन ने उम्मीदवारों को दलालों और एजेंटों से सावधान रहने की सलाह दी है।

हवाई किराया

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि सरकार हवाई किरायों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए नागर विमानन महानिदेशालय के अंतर्गत टैरिफ निगरानी इकाई को और मजबूत करेगी। राज्यसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री नायडू ने बताया कि घरेलू मार्गों के साथ अब अंतर्राष्ट्रीय मार्गों के किराये की भी निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि किरायों में बढोतरी पर मंत्रालय सभी जरूरी कदम उठा रहा है।

लौह पुरुष पुण्यतिथि

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अखंड भारत के शिल्पकार और 'भारत रत्न' लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की पुण्यतिथि पर देहरादून में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्रनिष्ठ सोच और अदम्य साहस के बल पर देश की अनेक रियासतों का एकीकरण कर अखंड और सशक्त भारत की नींव रखी। राष्ट्रहित के प्रति उनका अटल संकल्प, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखंडता और समरसता के लिए सरदार पटेल का योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

आंगनबाड़ी

नए वित्तीय वर्ष से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सेवानिवृत्ति पर एक लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। आंगनबाड़ी कार्यकत्री संगठनों की सहमति के बाद कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने इसके निर्देश जारी कर दिए हैं। कैबिनेट मंत्री ने देहरादून में आयोजित बैठक में बताया कि अगले साल 1 अप्रैल से सेवानिवृत्त होने वाली सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को इसका लाभ मिलेगा।

बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सुपरवाइजर पद पर प्रमोशन के विषय पर भी चर्चा की गई। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि इस श्रेणी के तहत रिक्त 88 पदों पर प्रमोशन के लिए विज्ञप्ति एक सप्ताह के भीतर जारी कर दी जाएगी।

इसके अलावा, मंत्री ने प्रदेश के दूरस्थ इलाकों की वृद्ध महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और भावनात्मक सहायता देने के लिए अगले साल नई योजना लॉन्च करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

ड्रग्स–फ्री देवभूमि

उत्तराखंड एसटीएफ की कुमाऊँ यूनिट और चंपावत पुलिस ने बनबसा क्षेत्र से तीन नशा तस्करों को करीब 800 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई हेरोइन की अनुमानित अंतर्राष्ट्रीय कीमत 2 करोड़ 40 लाख रुपये बताई गई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि मुख्यमंत्री के 'ड्रग्स–फ्री देवभूमि' अभियान के तहत उत्तराखंड में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के लिए यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपी उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के निवासी हैं और लंबे समय से नशे के कारोबार में शामिल थे। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे उत्तराखंड के रास्ते नेपाल में हेरोइन की तस्करी करते थे।

'भूदेव' मोबाइल एप

पौड़ी जिले में भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रशासन ने राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा विकसित 'भूदेव' मोबाइल एप के व्यापक उपयोग पर जोर दिया है।

अपर जिलाधिकारी अनिल गर्ब्याल ने बताया कि यह एप भूकंप आने से कुछ सेकंड पहले अलर्ट जारी करता है, जिससे लोग समय रहते सुरक्षित स्थानों पर पहुंचकर जान–माल की क्षति को कम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से पूर्व चेतावनी प्रणाली को सशक्त बनाना आपदा प्रबंधन की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

जिलाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे स्वयं भूदेव एप इंस्टॉल करें और अपने परिवार, पड़ोसियों तथा सहकर्मियों को भी इसके उपयोग के लिए प्रेरित करें, ताकि आपदा की स्थिति में अधिक से अधिक लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## सुरक्षा ऑडिट

पिथौरागढ़ जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए परिवहन विभाग ने स्कूल बसों का सुरक्षा ऑडिट शुरू कर दिया है। इस अभियान के तहत जिले के सभी विद्यालयों की बसों का क्रमवार निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान बसों के सभी दस्तावेजों की जांच के साथ ही सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस सिस्टम, स्पीड गवर्नर, अग्निशामक यंत्र और फर्स्ट एड किट की कार्यशीलता की पुष्टि की गई।

एआरटीओ शिवांश कांडपाल ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने बताया कि मार्गों पर भी नियमित रूप से बसों की जांच की जाती है और चालकों तथा परिचालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया जाता है।

## नेशनल एंटरप्रेन्योरशिप चैलेंज

हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के 13 सदस्यीय छात्र दल ने प्रतिष्ठित नेशनल एंटरप्रेन्योरशिप चैलेंज के फाइनल में चौथा स्थान हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है।

9 से 13 दिसंबर तक आईआईटी बॉम्बे के एंटरप्रेन्योरशिप सेल में आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर की 97 टीमों के साथ मुकाबला करते हुए गढ़वाल विश्वविद्यालय की टीम ने उत्कृष्ट व्यावसायिक सूझबूझ का प्रदर्शन किया।

विश्वविद्यालय के अनुसंधान और विकास सेल के निदेशक प्रोफेसर हेमवती नंदन ने बताया कि चयन प्रक्रिया में केस स्टडी, वित्तीय प्रबंधन से जुड़ी पहेलियां तथा स्टार्टअप कॉन्क्लेव में प्रत्यक्ष संवाद पर आधारित गहन डेटा विश्लेषण के चरण शामिल थे।